समय : ३ घंटे **पूर्णांक : १००**

सूचना : १) सभी प्रश्न अनिवार्य है|

२) उत्तर पुस्तिका पर प्रश्न क्रमांक / उपप्रश्न क्रमांक अवश्य लिखे|

प्रश्न – १) निम्नलिखित अवतरणों की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए :- २०

क) "वैतरणी करोगे पार
दूसरो के कंधे पर
अन्धो की जमात में
अपंगो का अभिनय?"

अथवा

"यहाँ दरख्तो के साये में धूप लगती है
चलो यहाँ से चले और उम्र भर के लिये |"

ख) पर क्या,यह सब तेरी औलाद नहीं,बावरी? बिल्ली तक अपने जायों के लिए सात घर उलट फेर करती है,फिर तू तो मानुस है| तेरी माया-ममता कहाँ चली गयी?

अथवा

"यार कुछ न कुछ तो नया करना ही पड़ेगा | सारी जिंदगी नौकरी में गवाँ चुके है| अब और नही की जायेगी ये चाकरिद्ध|" खलील जैदी का चेहरा सिगरेट के धुएँ के पीछे धुंधला सा दिखाई दे रहा है|

प्रश्न – २) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- ३०

च) बात बोलेगी कविता का संदेश लिखिए ?

अथवा

दुष्यंत कुमार की गझल में समकालीन भारतीय जीवन का यथार्थ वर्णन किस प्रकार हुआ है?

छ) 'वापसी' कहानी के गजाधर बाबू की व्यथा को लिखिए ?

अथवा

'घुसपैठिये' कहानी का संदेश लिखिए ?

प्रश्न – ३) निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणि लिखिए :- १०

ट) 'बसंती हवा' कविता में चित्रित प्रकृति वर्णन |

अथवा

विद्रोहिणी कविता का संदेश |

ठ) 'अकेली' कहानी की सोमा बुआ |

अथवा

छोटे और बड़े गणेश की बातचीत |

प्रश्न – ४) निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए :- १०

१) 'बात बोलेगी' कविता के रचनाकार कौन है?
२) हवा कैसी है?
३) दुष्यंत कुमार के अनुसार कमीज न होने पर लोग किससे पेट ढँक लेंगे?
४) शिवमंगल सिंह सुमन के अनुसार किसका पानी मर गया है?
५) सुशीला टाकभौरे के अनुसार बैसाखियाँ कहाँ चरमराती है?
६) गजाधर बाबू कितने वर्ष नौकरी किये ?
७) गदल के देवर का नाम क्या था?
८) मेडिकल कॉलेज के किस छात्र ने आत्महत्या कर ली थी?
९) सोमा बुआ के सामान मँगवाने पर राधा क्या-क्या लेकर आई?
१०) 'अंतिम बयान' कहानी के लेखक का नाम लिखिए?

प्रश्न – ५) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :- १०

१) यदि मै प्रधानमंत्री होता |
२) इंटरनेट से लाभ व हानी |
३) भ्रष्टाचार एक शिष्टाचार |
४) लोकतंत्र का महापर्व चुनाव |

प्रश्न – ६) (अ) सूचना के अनुसार निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर लिखिए :- १०

१) निम्नलिखित शब्दो के लिंग परिवर्तन कीजिए :- ०२

१) हाथी २) चूहा

२) निम्नलिखित शब्दों के वचन परिवर्तन कीजिए :- ०२

१) कलम २) घटना

३) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए :- ०२

१) जहर २) देश

४) निम्नलिखित शब्दों के विलोमार्थी शब्द लिखिए :- ०२

१) दिन २) सफलता

५) निम्नलिखित मुहावरो के अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए :- ०२

१) अंधे कि लाठी |

२) ईद का चाँद होना |

आ) निम्नलिखित अवतरण का संक्षेपण अथवा वाक्य का पल्लवन कीजिए :- १०

१) आज का विद्यार्थी ही कल का नागरिक बनेगा| कुछ दिन बाद देश उसी को संभालना है| इन्हीं छात्रों में से वकील, नेता, मन्त्री, अध्यापक, इंजीनियर और क्लर्क निकलेंगे| कल देश का शासन सूत्र इन्हीं के सहारे चलेगा| अगर शिक्षार्थियों को कर्तव्य परायण, ईमानदार और देशभक्त बनाने का प्रयत्न किया जाये तो सारी समस्यायें हल हो सकती है| प्रत्येक व्यक्ति भविष्य के जीवन के सबंध में कल्पना किया करता है| यदि कोई व्यक्ति उचित मार्ग दिखाने वाला मिल जाता है, तब छात्र उसके बताये मार्ग पर चल देता है| नहीं तो वह जैसा अपने आस पास या घर के लोगों को देखता है,वैसा ही बनने का प्रयत्न करता है| यदि विद्यार्थीयों को चरित्र की शिक्षा दी जाये, उन्हे बेईमानी से घृणा करना सिखाया जाये, उन्हें देश प्रेम का पाठ पढ़ाया जाये तो देश की सभी योजनायें सहज ही पूर्ण हो सकती है जिस देश में योग्य नेता, ईमानदार कार्यकर्ता, परिश्रमी अधिकारी और निष्ठावान नागरिक होंगे, उनका कोई क्या बिगाड़ सकता है?

अथवा

२) मानव धर्म ही सर्वश्रेष्ठ धर्म है |

****